कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेल रोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in/

दिनांक: 08.04.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, (छ.ग.) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा कु. तृप्ति साहू बी.एस.सी. II सेमेस्टर ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) का प्रतिनिधित्व करते हुए अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर में प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर की सहभागिता से बच्चों में देश सेवा, समाज सेवा की भावना के साथ ही व्यक्तित्व का विकास होता है। शिविर में छात्रा द्वारा सक्रिय रूप से सांस्कृतिक साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

यह राज्य स्तरीय शिविर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ में 21.03.2025 से 27.03.2025 तक "डिजिटल साक्षरता एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा" विषय पर आयोजित की गई जिसमें छात्रा ने बौद्धिक परिचर्चा, पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, आदि पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। "नशा मुक्त समाज" पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कु. तृप्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मुक्ता बाखला. डॉ अनुजा चौहान, श्रीमती ज्योति भरणे ने छात्रा को बधाई दी।

(डॉ. रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग छ0ग0)